जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के तरीके

👉 कोषागार में उपस्थित होकर

राज्य के पेंशनर प्रदेश के किसी भी कोषागार में उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र भौतिक रूप से जमा करवा सकते है। इस हेतु पेंशनर को निम्नलिखित अभिलेख/विवरण अपने साथ कोषागार में लेकर जाना होगा–

1. पेंशनर का आधार कार्ड
2. कोषागार में पंजीकृत मोबाईल नम्बर

👉 डिजीटल माध्यम से

राज्य के पेंशनर डिजीटल माध्यम से निम्नलिखित तरीके से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते है।

👉 एन्ड्रॉयड मोबाईल क द्वारा

पेंशनर अपने एन्ड्रॉयड मोबाईल का प्रयोग कर जीवन प्रमाण ऐप की मदद से अपना जीवन प्रमाण पत्र निम्नलिखित तरीके से जमा कर सकते है:–

- **Google Play Store** पर जाकर **AadhaarFaceRd app** इन्सटाल करें।
- https://jeevanpramaan.gov.in/app/download पर जाकर जीवन प्रमाण एप डाउनलोड एवं इन्सटाल करें। इस हेतु पेंशनर के पास अपनी ई–मेल आई.डी होनी आवश्यक है।
- जीवन प्रमाण ऐप के माध्यम से डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने हेतु पेंशनर के पास निम्नलिखित विवरण होने आवश्यक है।
  - ➢ पेंशनर का आधार नम्बर
  - ➢ आधार के साथ पंजीकृत मोबाइल नम्बर
  - ➢ पेंशनर का पी0पी0ओ0/जी0आर0डी नम्बर
  - ➢ पेंशन भुगतानकर्ता कोषागार का नाम
  - ➢ पेंशन से सम्बन्धित बैंक खाता संख्या
- जीवन प्रमाण एप को खोले तथा अपने चेहरे को मोबाइल फोन की सहायता से स्कैन करते हुऐ आपरेटर के रूप में अपने आप को पंजीकृत करें।

- पंजीकरण के उपरान्त पेंशनर का विवरण यथा पेंशनर का नाम, आधार संख्या, पी0पी0ओ0/जी0आर0डी0 संख्या इत्यादि, एप में अंकित करें तथा एप की सहायता से पेंशनर के चेहरे को स्कैन करें और submit button पर क्लिक करें। DLC डाउनलोड करने के लिंक के साथ एक संदेश पेंशनर के मोबाइल नम्बर पर प्राप्त हो जाएगा।

👉 जन सुविधा केन्द्र(csc) के माध्यम से

पेंशनर अपना डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जन सुविधा केन्द्र(csc) के माध्यम से भी जमा करवा सकते है। इस हेतु पेंशनर के पास निम्नलिखित अभिलेख/विवरण होने आवश्यक है।

- पेंशनर का आधार नम्बर
- आधार के साथ पंजीकृत मोबाइल नम्बर
- पेंशनर का पी0पी0ओ0/जी0आर0डी नम्बर
- पेंशन भुगतानकर्ता कोषागार का नाम
- पेंशन से सम्बन्धित बैंक खाता संख्या

👉 पोस्टमैन के माध्यम से

डाक विभाग ने पोस्टमैन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डोरस्टप सेवा शुरू की है। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए पेंशनर द्वारा गूगल प्ले स्टोर **(Google play store)** पर उपलब्ध पोस्टइंफो एप (**postinfo app**) की सहायता से **IPPB-Jeevan Pramaan (Digital life certificate)** का चयन करते हुऐ service request raise की जानी होगी। इस हेतु पोस्टमैन के आगमन के समय पेंशनर के पास निम्नलिखित अभिलेख/विवरण होने आवश्यक है।

- पेंशनर का आधार नम्बर
- आधार के साथ पंजीकृत मोबाइल नम्बर
- पेंशनर का पी0पी0ओ0/जी0आर0डी नम्बर
- पेंशन भुगतानकर्ता कोषागार का नाम
- पेंशन से सम्बन्धित बैंक खाता संख्या

इस सेवा का लाभ उठाने हेतु पेंशनर को डाक विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क देना होगा।

👉 बायोमट्रिक उपकरण की सहायता से कम्प्यूटर द्वारा

पेंशनर कम्प्यूटर की सहायता से भी अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा कर सकत है। इसके लिए पेंशनर को **UIDAI-mandated device** का उपयोग कर अपनी उंगलियों के निशान सत्यापित करने होगें। इस माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए पेंशनर को **https://jeevanpramaan.gov.in/app/download** पर जाकर जीवन पमाण एप्पलीकेशन डाउनलोड एवं इन्सटाल करना होगा। इस हेतु पेंशनर के पास अपनी ई–मेल आई.डी होनी आवश्यक है।

इस माध्यम से डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने हेतु पेंशनर के पास निम्नलिखित अभिलेख/विवरण होने आवश्यक है।

- पेंशनर का आधार नम्बर
- आधार के साथ पंजीकृत मोबाइल नम्बर
- पेंशनर का पी0पी0ओ0/जी0आर0डी नम्बर
- पेंशन भुगतानकर्ता कोषागार का नाम
- पेंशन से सम्बन्धित बैंक खाता संख्या